यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्वसि

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

वर्ष 2024 में राष्ट्रपति पद के लिये रिपब्लिकन प्रत्याशी और **पूर्व** [**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप**] को एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान गोली मार दी गई। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिये ज़िम्मेदार एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने शूटर को मार गिराया।

यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्वसि:

- यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस की **स्थापना वर्ष 1865** में हुई थी। इसे [उपराष्ट्रपति,] निर्वाचित राष्ट्रपति, उनके परिवारों, पूर्व राष्ट्रपतियों के साथ-साथ उनके जीवनसाथियों (पति/पत्नी के पुनर्विवाह को छोड़कर) और पूर्व राष्ट्रपतियों के 16 वर्ष की आयु तक के बच्चों की **सुरक्षा करना अनिवार्य** है।
- मूल रूप से अमेरिकी मुद्रा की जालसाज़ी से निपटने के लिये **वर्ष 1902 में सीक्रेट सर्विस** ने **राष्ट्रपति विलियम मैककिनले की वर्ष 1901 में हत्या के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा** की पूर्णकालिक ज़िम्मेदारी संभाली।
  - मैककिनले से पहले **राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन तथा जेम्स ए गारफील्ड** की वर्ष 1865 और वर्ष 1881 में हत्या कर दी गई थी।
- वर्ष 1968 में **राष्ट्रपति रॉबर्ट कैनेडी की हत्या के बाद** एजेंसी ने चुनाव प्रत्याशी का प्रभार संभाला।
  - **रॉबर्ट कैनेडी, वर्ष 1968** के राष्ट्रपति चुनाव में भाग ले रहे थे।
  - कैनेडी की उनके भाई, राष्ट्रपति [**जॉन एफ कैनेडी**] की हत्या के पाँच वर्ष से भी कम समय बाद, 5 जून 1968 को **लॉस एंजिल्स में गोली मारकर हत्या** कर दी गई थी।

और पढ़ें: [**अमेरिकी चुनाव परिणामों का भारत पर प्रभाव**]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/united-states-secret-service